सरकार की पूरी-पूरी मंशा हैं जिसके तहत इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि किन लोगों को इसमें लिया जाएगा । बेसहारा, 60 वर्ष से अधिक की उम्र के लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा । विकलांग लोगों को शामिल किया जाएगा । विधवाओं, रूग्ण एंव बीमार लोगों, जिनका कोई सहारा नहीं हैं, उन्हें शामिल किया जाएगा । अकेले पुरूष और स्त्रियों को शामिल किया जाएगा ।

श्री सभापति:ठीक है, आपका जवाब हो गया है ।

श्री आर.पी.गोयनका: मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि एक करोड़ और लोगों को यह सहायता प्रदान करेंगे, ऐसा कहने में इन्हें क्या शर्म आती थीं ?

श्री सभापति : उन्होंने कह तो दिया कि एक करोड़ लोगों को और शामिल करेंगे ।

श्री आर.पी.गोयनका:सर, अब कह रहे हैं जब पूछा गया है ।

श्री सभापति:आप जैसे बुजुर्ग आदमी जब पूछेंगे, तभी तो बोलेंगे ।

Internet virus

*55. SHRI DATTA MEGHE: Will the Minister of COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item captioned "Internet worm may cause Rs. 300 crore loss to IT Trade" as reported in 'the Hindu' dated the 27th January, 2003;

(b) if so, whether the virus in Internet Services has caused losses to Government to the tune of crores of rupees;

(c) if so, the details thereof;

(d) whether the VSNL has taken any steps to control the situation; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI ARUN SHOURIE): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) to (e) Do not arise.

श्री दत्ता मेघे :सर, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि जनवरी के महीने में इंटरनेट वायरस आने से देश में जो कंप्यूटर नेटवर्क पर असर पड़ा था, उस वायरस से देश में कंप्यूटर पर

काम करने वाले जो आई.टी.उद्योग हैं, उनको कितना नुकसान हुआ, क्या सरकार हमें यह बताएगीं ?

श्री अरूण शौरी :पहली चीज़ तो यह है कि यह जो पर्टिकुलर वॉर्म था, वायरस और वॉर्म डिफरेंट होते हैं, तो यह जो पर्टिकुलर वॉर्म था, यह टार्गेट था for the people who use microsoft और गवर्नमेंट बिजनेस हैं, वह इंटरनेट से बहुत कम इफेक्ट होता है क्योंकि इंटरनेट को गवर्नमेंट ज्यादा यूज़ नहीं करती है, इसलिए वह सिक्योर्ड हैं । मगर आपकी बात बिलकुल ठीक है कि आजकल ऐसे वायरस आ रहे हैं जो प्लांट किए जा सकते हैं । उसके लिए गवर्नमेंट सात-आठ स्टेप्स उठा रही है और उसका वी.एस.एन.एल. से इतना ताल्लुक नहीं हैं जितना कि डिफेंस एजेन्सीज़ से । अगर ऐसा वायरस हमारे नेटवर्क में आ जाता है तो उसके लिए एक रैपिड रिस्पासं फोर्स बनाया गया है to control the damage.

श्री दत्ता मेघे:सर,मेरा दूसरा क्वेश्चन यह है कि आप देख रहे हैं कि आजकल साइबर क्राइम्स देश में बहुत बढ़ रहे हैं और आजकल कंप्यूटर नेटवर्क का यूज़ क्रिमिनल्स ज्यादा कर रहे हैं । मुम्बई और दूसरे क्षेत्रों मे उनका नेटवर्क बढ़ रहा है ।इसको रोकने के लिए सरकार कौन सा उपाय कर रही है जिससे कि साइबर क्राइम्स न बढ़ें ?

श्री अरूण शौरी:सर,यह बहुत इंपॉटेंट प्वाइंट हैं और हमने जो आई.टी.ऐक्ट पास किया था, उसमें साइबर क्राइम्स के प्रोविज़न्स हैं । गवर्नमेंट ने साइबर फोरेंसिक्स के लिए और साइबर लॉ के लिए एक टॉस्क फोर्स भी कंस्टीट्यूट किया है । यह क्रिटिकल इनफ्रास्ट्रक्चर को प्रोटेक्ट करने के लिए बनाया गया हैं । साइबर सिक्योरिटी के लिए बहुत ही व्यापक टास्क फोर्स डिफेंस फोर्सेज़ के साथ कंस्टीट्यूट किया गया है जिसमें इंटरकनेक्टेड नेटवर्क, चाहे वे स्टॉक एक्सचेंज के हों, पावर ग्रिड के हों या मेमोरी कनेक्शन्स के हों, उनको कैसे प्रोटेक्ट किया जाए, इसको देखा जाएगा । डाटा को एनक्रिप्ट करना...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: Let him speak.

SHRI ARUN SHOURIE: And, I am happy to report to the House that the first conviction for a cyber crime has already taken place, because one person was caught. उसने किसी अमेरिकन क्रेडिट कार्ड के डीटेल्स लेकर गुड्ज़ ऑर्डर करके अपने पास मंगवा लिए और यह जो फोरेंसिक टीम बनाई गई हैंthey were quickly able to track down his computer. He confesed to the crime, and he was convicted also.